मूल्य 1 रु.

वर्ष: 10 - अंक : 19, मुंबई, शनिवार, 14 मार्च, 2020 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक

# मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर

# कोरोनावायरस

## मुंबई समेत 4 शहरों में...

# जिम-पूल और सिनेमाघर बंद

## पुणे में स्कूलों को बंद किया, राज्य में 17 लोगों में कोरोना की पुष्टि

**संवाददाता**

**पुणे/मुंबई।** महाराष्ट्र में कोरोना के बढ़ते संक्रमण के मद्देनजर राज्य सरकार ने मुंबई, पुणे, नासिक और नागपुर में सभी जिम, स्विमिंग पूल, सिनेमाघर और थियेटर को बंद रखने का आदेश दिया है। इसके अलावा पुणे और पिंपरी चिंचवाड़ में सभी स्कूलों को भी अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है। हालांकि, जिन स्कूलों में 10वीं और 12वीं की परीक्षा चल रही है वह खुले रहेंगे।

(शेष पृष्ठ 5 पर)




## सार्वजनिक कार्यक्रमों पर पाबंदी, कैदियों के लिए मास्क मंगाए गए

## मास्क की कालाबाजारी पर 7 साल की सजा हो सकती है

कोरोनावायरस संक्रमण के बढ़ते असर को देखते हुए भारत सरकार ने शुक्रवार को बड़ा कदम उठाते हुए एन 95 मास्क और हैंड सैनिटाइजर आवश्यक वस्तु श्रेणी में शामिल कर लिया है ताकि इनकी कालाबाजारी पर रोक लगाई जा सके। इस कदम के बाद केंद्र और राज्य कोरोनावायरस के बचाव के काम में आने वाली इन चीजों के उत्पादन, गुणवत्ता और डिस्ट्रिब्यूशन को नियंत्रित कर सकेंगे। सरकार ने कहा है कि ये आदेश 30 जून महीने के आखिर तक प्रभावी रहेगा। इसमें मास्क (2 प्लाई और 3 प्लाई सर्जिकल मास्क, एन95 मास्क) और हैंड सेनिटाइजर्स को आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत रखा गया है। इस अधिनियम का उल्लंघन करने पर 7 साल तक की सजा का प्रावधान है।

### कोरोना पर बोले राज ठाकरे...

## देश में पहले से कई बीमारियां, एक नई जुड़ गई कोई बड़ी बात नहीं



**संवाददाता**

**मुंबई।** कोरोनावायरस को लेकर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) अध्यक्ष राज ठाकरे ने गुरुवार को कहा कि देश में पहले से ही कई बीमारियां हैं। उस सूची में एक और बीमारी जुड़ गई है। राज ने महाराष्ट्र में उद्धव सरकार की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि वह कोरोनावायरस को फैलने से रोकने के नाम पर लोगों को धमका रही है। शिवाजी महाराज की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए राज ठाकरे ने कहा, कई लोगों ने मुझे कोरोनावायरस के फैलने और शिवाजी जयंती पर कार्यक्रम आयोजित करने के बारे में पूछा।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

शुध्द घी में बना



केसरीया मलाई घेवर

MM MITHAIWALA

MALAD (W),TEL.: 288 99 501

## सिर्फ 8 दिन में बना डाली नकली सैनिटाइजर बनाने की फैक्ट्री, कई लाख का माल बरामद

### उत्पाद पर न लाइसेंस, न बैच नंबर, एफडीए ने छापा मार किया खुलासा

**मुंबई।** एक तरफ देश में कोरोना संक्रमण के मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। वहीं, दूसरी तरफ इसके डर का फायदा उठाने वालों की कमी नहीं है। गुरुवार को मुंबई के वाकोला में पुलिस ने नकली सैनिटाइजर बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। (शेष पृष्ठ 5 पर)



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## संक्षिप्त खबर

### अब ओला-ऊबर चालकों की नहीं चलेगी मनमानी

**मुंबई।** मुंबई में रोजाना कैब से ट्रैवल करने वालों के लिए यह राहत भरी खबर है। ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट ने कंप्युटर्स को राहत देते हुए ऐप आधारित कैब के लिए प्राइस कैप फिस कर दिया है। नए रेग्युलेशन के मुताबिक ऐप आधारित टैक्सी अब काली-पीली टैक्सी के मुकाबले अधिकतम तीन गुना तक किराया वसूल सकती है। वर्तमान में मुंबई में काली-पीली टैक्सी का अधिकतम किराया 14.85 रुपए प्रति किलोमीटर है। इस हिसाब से ऐप आधारित ओला और ऊबर एक किलोमीटर के लिए अधिकतम 44.55 रुपए वसूल सकती है। 2017 में आई भीषण बाढ़ के दौरान वहां ओला-ऊबर 65 रुपए प्रति किलोमीटर तक का किराया वसूल रही थी। राज्य कैबिनेट से मंजूरी मिलते ही इसे लागू कर दिया जाएगा। ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इससे जुड़ा फाइल कैबिनेट अप्रूवल के लिए भेजा जा चुका है। कैबिनेट किसी भी वत इस पर फैसला ले सकता है। इसके अलावा ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट ने कैब संचालकों के लिए ड्रेस कोड भी डिसाइड कर दिया है। वे अब ब्लैक ट्राउजर, स्काई ब्लू शर्ट, टाई और ब्लैक शूज में नजर आएंगे। मुंबई मेट्रोपोलिटन रीजन ने मुंबई में ऐप आधारित 80 हजार टैक्सी और 42 हजार काली-पीली टैक्सी को बंद कर दिया है। वर्तमान में किराए की बात करें तो काली-पीली टैक्सी का बेस फेयर 22 रुपया है। उसके बाद हर किलोमीटर के बदले पैसेंजर्स को 14.85 रुपए देना होता है। ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट ने दूरी आधारित दो स्लैब को लागू करने भी प्रस्ताव दिया है। 8-12 किलोमीटर की दूरी के लिए पर किलोमीटर किराया 12.63 रुपए होगा, जबकि 13वें किलोमीटर से यह 11.88 रुपए प्रति किलोमीटर होगा।

### कुएं का पानी बदलेगा कहानी!



**ठाणे।** ठाणे स्टेशन को स्वच्छ करने और शौचालय में पानी के इस्तेमाल को लेकर मध्य रेलवे द्वारा हजारों लीटर पानी की खरीदारी की जाती है। पानी की खरीदारी करने के लिए मध्य रेलवे को भारी रकम भी अदा करनी पड़ती है। पानी और पैसों की बचत करने के लिए मध्य रेलवे ने ठाणे स्टेशन (पूर्व) में बने कुएं की मरम्मत कर उसके पानी का इस्तेमाल करने का निर्णय लिया है। इस निर्णय से पानी और मध्य रेलवे के पैसों की बचत होना निश्चित है। मतलब कुएं का पानी पूरी कहानी ही बदल देगा।

बता दें कि मध्य रेलवे का ठाणे स्टेशन बड़े स्टेशनों में से एक है। कुल १० प्लेटफार्मों के इस स्टेशन पर मौजूद शौचालय व प्लेटफार्मों की सफाई के लिए रोजाना हजारों लीटर पानी का इस्तेमाल किया जाता है। हजारों लीटर पानी के लिए मध्य रेलवे को लाखों रुपए भी अदा करना पड़ता था। ठाणे रेलवे स्टेशन (पूर्व) स्थित रेलवे के भूखंड पर एक कुआं कई वर्षों से बंद पड़ा है। पानी की कमी को पूरा करने और पैसों की बचत करने के लिए मध्य रेलवे ने कुएं की मरम्मत कर उसके पानी को इस्तेमाल करने का निर्णय लिया है। निर्णय के अनुसार कुएं की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है। जल्द ही मरम्मतीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा और उसके पानी का इस्तेमाल किया जाएगा। मध्य रेलवे द्वारा मिली जानकारी के आधार पर रोजाना ठाणे स्टेशन की सफाई के लिए १२ हजार लीटर से १५ हजार लीटर पानी का इस्तेमाल मध्य रेलवे द्वारा किया जाता है।

# कोरोना पर बोले राज ठाकरे, देश में पहले से कई बीमारियां, एक और जुड़ गई



**मुंबई।** कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए भारत के संघर्ष करने के बीच महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना अध्यक्ष राज ठाकरे ने गुरुवार को कहा कि देश में पहले से ही कई बीमारियां हैं और उस सूची में एक और रोग जुड़ गया है। राज ने महाराष्ट्र में शिवसेना नीत सरकार की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि वह कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के नाम पर लोगों को धमका रही है।

शिवाजी महाराज की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते राज ठाकरे ने कहा, पहले से ही देश में कई बीमारियां मौजूद हैं, एक और कोरोना वायरस नाम की बीमारी इस सूची में जुड़ गई है... इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है लेकिन हमें सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा, कई लोगों ने मुझे कोरोना वायरस के फैलने और शिवाजी जयंती पर कार्यक्रम आयोजित करने के बारे में पूछा। मैंने कहा कि कई बीमारियां हमारे देश में पहले से ही हैं, एक और जुड़ गई है, यह कोई बड़ी बात नहीं है। शिवाजी महाराज की जयंती की तारीख पर उन्होंने कहा, हिंदू परंपरा में हम उत्सव अपने कैलेंडर के अनुसार मनाते हैं न कि अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार। छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती हमारे लिए समारोह है और इसे पूरे साल मनाया जाना चाहिए। राज्य सरकार आधिकारिक रूप से छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती हर साल 19 फरवरी को मनाती है। हालांकि, कुछ लोगों का मानना है कि शिवाजी महाराज की जयंती तिथि (हिंदू कैलेंडर) के अनुसार मनाना चाहिए जो इस वर्ष 12 मार्च को है।

# ट्रायल में पास हुई रोपेक्स रो-रो

**मुंबई।** मुंबई से मांडवा के बीच की दूरी कम करने वाली रोपेक्स की रो-रो का समुद्री१ ट्रायल पूरा हो चुका है। समुद्री ट्रायल सफल होने के बाद आगामी कुछ दिनों में रो-पैक्स रो रो सेवा शुरू हो जाएगी। रो-पैक्स के चलने से मुंबई से मांडवा की दूरी १०९ किमी से घटकर सिर्फ १९ किमी में सिमट जाएगी। इस समुद्री रो-रो सेवा के जरिए यात्री अपने वाहनों के साथ जल मार्ग से अपने गंतव्य स्थान तक पहुंच सकेंगे। इससे ईंधन की बचत के साथ ही यात्रियों की समय की भी बचत होगी।

मुंबई पोर्ट ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय भाटिया के अनुसार मुंबई से मांडवा के बीच शिप का ट्रायल पूरा कर लिया गया है। रूट पर सेवा शुरू करने के लिए सभी आवश्यक अनुमति मिल गई है। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के हाथों सेवा की शुरूआत की जाएगी। मुख्यमंत्री कार्यालय से समय मिलते ही सेवा की शुरूआत कर दी जाएगी। विभाग ने १५ मार्च से रो-पैक्स आरंभ करने की तैयारी कर ली है।

**५०० यात्रियों के साथ २०० वाहन**

मुंबई से मांडवा की दूरी घटाने के लिए ग्रीस से शिप मंगवाई गई है। हजारों किमी की यात्रा कर शिप १४ फरवरी को मुंबई पहुंची थी। सड़क मार्ग से मुंबई से मांडवा की १०९ किमी की दूरी तय करने में करीब २ घंटे ५५ मिनट का समय लगता है। रो-पैक्स के माध्यम से केवल ४५ मिनट में लोग अपने वाहनों के साथ यह सफर कर पाएंगे। यह शिप एक बार में २०० कारों के साथ ५०० यात्रियों को ले जाने में सक्षम है। प्रारंभिक चरण में एक शिप के साथ सेवा की शुरूआत की जा रही है। यात्रियों के रिस्पॉन्स के आधार पर भविष्य में शिप की संख्या में बढ़ोत्तरी की जाएगी।



# महात्मा गांधी के प्रपोत्र की दांडी मार्च पदयात्रा



**मुंबई।** ऐतिहासिक दांडी मार्च की 90 वीं वर्षगांठ पर महात्मा गांधी के प्रपोत्र तुषार गांधी ने बृहस्पतिवार को यहां साबरमती आश्रम से नवसारी जिले के दांडी के लिए पदयात्रा शुरू की। उन्हें 26 दिनों में 386 किलोमीटर लंबी यात्रा पूरी कर लेने की उम्मीद है। राष्ट्रपिता और उनके समर्थकों ने 1930 में नमक सत्याग्रह के दौरान इन दोनों स्थानों के बीच इतने ही दिनों में यात्रा पूरी की थी।

# फेरीवालों के लिए लागू होगा ड्रेस कोड



**मुंबई।** कुछ ही दिनों पूर्व ही अन्न व औषधि प्रशासन (एफडीए) मंत्री राजेंद्र शिंगणे ने विधान परिषद में सड़क किनारे खाद्य पदार्थ बेचने वालों के लिए ड्रेस कोड लागू करने की घोषणा की । बीड जिले से इस मुहिम की शुरूआत हो चुकी है। एफडीए मंत्री शिंगणे की पहले पर यह मुहिम लागू की गई है। मंत्री ने बीड में एक जगह पर हाथगाड़ी पर खाद्य पदार्थ बेचने को नई ड्रेस का वितरण किया। नए ड्रेस कोर्ड में टोपी, हैंडग्लोज और एप्रैन का समावेश है। साथ ही खाद्य पदार्थ बेचने वाले सफाई से खाद्य सामग्री बना रहे हैं या नहीं, इसकी जांच गई। इसके अलावा उनके लाइसेंस की भी जांच की गई। हाथगाड़ियों पर सभी को स्वच्छ और उत्तम दर्जे की खाद्य सामग्री मिले, इसके लिए एफडीए प्रशासन की तरफ से हाथ गाड़ियों की जांच मुहिम चलाई जाएगी। साथ ही खाद्य पदार्थ बेचने वाले को कोई त्वचा रोग है, या नहीं, इसकी जांच करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। अब आगे से कोई भी खाद्य पदार्थ देने के पहले हैंडग्लोज का उपयोग करना आवश्यक है। इसका उपयोग नहीं करने वाले खाद्य पदार्थ विक्रेताओं पर एक रुपए से एक लाख रुपए का दंड लगाया जाएगा। कुछ दिनों पूर्व ही एफडीए मंत्री राजेंद्र शिंगणे ने विधान परिषद में घोषणा की थी कि सड़क किनारे खाद्य सामग्री बेचने वाले लोगों के लिए सरकार ड्रेस कोड लाएगी।

शिंगणे ने कहा था कि ड्रेस कोड लागू करने से खाद्य पदार्थ बनाने, भंडारण करने और बेचने वालों के खिलाफ गलती पाए जाने पर लाइसेंस रद्द किया जा सकता है। अगर संबंधित फेरीवालों को लगता है कि कार्रवाई गलत हुई है, तो उसे दो बार अपील का अधिकार दिया गया है। वह लाइसेंस रद्द होने के खिलाफ पहले एफडीए आयुक्त के यहां अपील करेगा और उन्हें 8-10 दिन अंतिम फैसला देना होगा। एफडीए आयुक्त से आगे अगर संबंधित व्यक्ति दूसरी अपील करता है, तो उस पर एफडीए मंत्री और राज्य मंत्री को 8 से 10 दिनों में फैसला करना होगा।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व), मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9769659975**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# राणा ने लोन देने के बदले लिए थे ५ हजार करोड़!, ईडी का दावा

**मुंबई।** यस बैंक के पूर्व सीईओ राणा कपूर के हर दिन नए राज खुल रहे हैं। यस बैंक की हालत खस्ता बनी हुई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दावा किया है कि राणा कपूर ने कई कंपनियों को करीब ३० हजार करोड़ रुपए लोन में दिए थे, जिसमें से २० हजार करोड़ रुपये नॉन परफार्मिंग एसेट्स (एनपीए) में तब्दील हो गए। लोन देने के बदले में राणा ने ५ हजार करोड़ रुपए रिश्वत के तौर पर लिया था। यह पैसा उन्होंने शेल कंपनियों में लगाए। शेल कंपनी का मतलब ऐसी कंपनी, जो सिर्फ कागजों पर होती हैं, ऐसी कंपनी में कोई कर्मचारी नहीं होते। इन पैसों से राणा ने ३०



मिलियन यूरो लंदन एवं न्यूयॉर्क के एक होटल में निवेश किया। राजधानी दिल्ली में भी इनकी ५ संपत्तियां बरामद की गई हैं।

जांच एजेंसी के सूत्रों के अनुसार राणा उन कंपनियों को लोन देते थे, जो अन्य बैंकों से डिफॉल्टर घोषित हो चुकी थीं। इसके बदले मिले पैसे को वह शेल कंपनी में भेज देते थे। आरएबी एंटरप्राइज नामक शेल कंपनी की डायरेक्टर बिंदु कपूर हैं। इनकी बेटियों के नाम पर भी एक शेल कंपनी बनाई गई है। रोशनी कपूर, राधा कपूर और राखी कपूर ये तीनों अर्बन वेंचर नामक कंपनी की डाइरेक्टर हैं। जांच एजेंसी के मुताबिक यह भी एक शेल कंपनी है। यस बैंक घोटाले में राणा कपूर, उनकी पत्नी बिंदु कपूर और तीनों बेटियों को आरोपी बनाया गया है। ईडी के अनुरोध करने पर न्यायालय ने कपूर को १६ मार्च तक ईडी की हिरासत में रखने के लिए कहा है।

## एनसीपी चीफ शरद पवार की संपत्ति छह वर्षों में 60 लाख रुपये तक बढ़ी



**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रमुख शरद पवार की संपत्ति पिछले छह साल में 60 लाख रुपये तक बढ़कर 32.73 करोड़ रुपये हो गई। यह जानकारी शरद पवार की ओर से दायर किए गए शपथपत्र में दी गई है। पवार ने 26 मार्च को होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए बुधवार को यहां नामांकन दाखिल किया था।

अपने शपथपत्र में पवार ने एक करोड़ रुपये की देनदारी की भी घोषणा की है जो उनके भतीजे अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार और पोते पार्थ पवार से शेयर स्थानांतरण के बदले में अग्रिम राशि के तौर पर मिले हैं। वर्ष 2014 के राज्यसभा चुनाव में पवार ने 20,47,99,970.41 रुपये की चल संपत्ति और 11,65,16,290 की अचल संपत्ति समेत कुल 32.13 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति की घोषणा की थी।

हालांकि, उस समय पवार ने किसी भी देनदारी का उल्लेख नहीं किया था। बुधवार को दाखिल शपथपत्र के मुताबिक, पूर्व केंद्रीय मंत्री पवार ने 25,21,33,329 रुपये की चल संपत्ति और 7,52,33,941 रुपये की अचल संपत्ति समेत कुल 32.73 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति घोषित की है। बुधवार को दाखिल शपथपत्र में उल्लेख किया गया है कि पवार की पत्नी प्रतिभा पवार को सुनेत्रा पवार की ओर से शेयर स्थानांतरण के बदले अग्रिम राशि के तौर पर 50 लाख रुपये मिले हैं।

इसी तरह अविभाजित हिंदू परिवार के नियमानुसार, शरद पवार को पोते पार्थ पवार की ओर से शेयर स्थानांतरण के बदले अग्रिम राशि के तौर पर 50 लाख रुपये मिले हैं। इस तरह उनकी कुल देनदारी एक करोड़ रुपये है।

## विधायक के ड्राइवरों को सरकार देगी 15,000 रुपये वेतन

**मुंबई।** विधायकों के निजी वाहन चालकों को सरकार अब 15,000 रुपये मासिक वेतन देगी। इससे संबंधित संशोधन विधेयक को विधानसभा के विधायकों ने सर्वसम्मति से मंजूर कर लिया गया। गुरुवार को संसदीय कार्य मंत्री अनिल परब ने महाराष्ट्र विधानमंडल सदस्यों के दोनों सदनों में वेतन व भत्ते अधिनियम में संशोधन का बिल पेश किया, जिसे एकमत से मंजूर कर लिया गया। बिल के अनुसार, विधानमंडल के प्रत्येक विधायकों के वाहन चालकों को वेतन मिलेगा। वाहन चालकों को यह सुविधा हासिल करने के लिए उनके वैध लाइसेंस दिखाने होंगे। वाहन चालक के उम्र की सीमा 60 साल निश्चित की गई है। वाहन चालकों को प्रति माह 15,000 रुपये वेतन देने से सरकार की तिजोरी पर 6.60 करोड़ रुपये अतिरिक्त खर्च बढ़ेगा। संसदीय कार्य मंत्री ने विधानसभा में जब संशोधन विधेयक रख रहे थे जब राज्य के पूर्व वित्त मंत्री और भाजपा सदस्य सुधीर मुनगंटीवार ने 15,000 रुपये की बजाए 20,000 रुपये करने की मांग की, लेकिन सरकार ने 15,000 रुपये देने का निर्णय लिया है।

## मुंबई यूनिवर्सिटी में दस्तावेजों का ऑनलाइन सत्यापन

**मुंबई।** मुंबई विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों की मदद के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। अब विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के दस्तावेजों की सत्यापन ऑनलाइन होगी। इससे विद्यार्थियों को कम समय में जरूरी दस्तावेज सत्यापन करके मिलेगा। गुरुवार को कैबिनेट मंत्री आदित्य ठाकरे के हाथों विश्वविद्यालय में कंप्यूटरीकृत सत्यापन प्रक्रिया का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री उदय सामंत, सचिन अहीर, कुलपति सुहास पेडणेकर, रविंद्र कुलकर्णी, रजिस्ट्रार अजय देशमुख, सीनेट सदस्य प्रदीप सावंत, प्राचार्य डॉ. एन.एन.पांडेय आदि उपस्थित थे।

मंत्री आदित्य ने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण कदम हैं। विद्यार्थियों को कम समय में और बहुत कम खर्च में ऑनलाइन दस्तावेज सत्यापित करके मिलेगा। इसका लाभ विश्वविद्यालय और संलग्न कॉलेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को होगा। उच्च शिक्षा मंत्री सामंत ने कहा कि आधुनिक युग में जितना तेज गति से विद्यार्थियों को जरूरी दस्तावेज मिल सकेगा, उतना ही उनके लिए लाभदायक होगा। इसके लिए सभी जरूरी कदम उठाये जायेंगे जिससे विद्यार्थियों को मदद मिले। कंप्यूटरीकृत ऑनलाइन सत्यापन प्रक्रिया के तहत विद्यार्थियों को तीन से चार दिन में दस्तावेज सत्यापित करके ऑनलाइन मिलेगा।

## नाना पाटेकर के एनजीओ ने तनुश्री दत्ता पर ठोका 25 करोड़ रुपये का मानहानि का केस

**मुंबई।** फिल्म अभिनेता नाना पाटेकर के एनजीओ नाम फाउंडेशन ने ऐक्ट्रेस तनुश्री दत्ता के खिलाफ 25 करोड़ रुपये का मानहानि का मुकदमा ठोका है। इसके बाद बॉम्बे हाई कोर्ट ने भी ऐक्ट्रेस को नाम फाउंडेशन एनजीओ के खिलाफ आरोप लगाने से रोक दिया है। बता दें कि तनुश्री दत्ता ने पिछले दिनों प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान नाम फाउंडेशन पर आरोप लगाए, जिसके बाद एनजीओ ने उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज किया था।

तनुश्री कोर्ट में अनुपस्थित रहीं, जिसके बाद जस्टिस एके मेनन ने नाम फाउंडेशन को राहत प्रदान की। तनुश्री दत्ता समय पर न ही कोर्ट में खुद मौजूद रहीं और न ही उनके वकील समय से कोर्ट पहुंच पाए। हाई कोर्ट में दाखिल याचिका में नाना पाटेकर और मकरंद अनासपुरे द्वारा 2015 में शुरू किए गए



नाम फाउंडेशन ने कहा कि उनका एनजीओ लगातार सूखे से प्रभावित इलाकों में किसानों की बेहतरी की दिशा की तरफ काम कर रहा है लेकिन तनुश्री ने जनवरी 2020 में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उनके एनजीओ पर आरोप लगाए, जिससे उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा। बता दें कि दो साल पहले तनुश्री दत्ता वर्कप्लेस में यौन हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने वाली पहली बॉलिवुड पर्सनैलिटी बनी थीं। उन्होंने मशहूर अभिनेता नाना पाटेकर पर 2008 में फिल्म हॉर्न ओके प्लीज की शूटिंग के दौरान बार-बार गलत जगह छूने का आरोप लगाया था। तनुश्री ने आरोप लगाया कि डायरेक्टर राकेश सारंग, कोरियोग्राफर गणेश आचार्य और प्रोड्यूसर सामी सिद्धीकी इस दौरान तमाशबीन बने रहे। पिछले साल जून में पुलिस ने शिकायत को फर्जी बताकर सभी आरोपियों के खिलाफ केस बंद कर दिया था। तनुश्री ने अब केस बंद करने के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है जो फिलहाल लंबित है। फैसला आने के बाद तनुश्री ने कहा कि वह चुप नहीं बैठेंगी और एनजीओ की फंक्शनिंग पर जांच की मांग करेंगी।

## छह महीने के भीतर सभी जेलों में लगेंगे खुफिया कैमरे : गृहमंत्री

**मुंबई।** आगामी छह महीने के भीतर राज्य के सभी जेलों में सीसीटीवी लगाए जाएंगे। गुरुवार को विधानपरिषद में प्रश्नोत्तर के दौरान राज्य के गृहमंत्री अनिल देशमुख ने यह जानकारी दी। गृहमंत्री ने कहा कि राज्य के जेलों में बंद कैदियों द्वारा जेल में हथियार, गांजा जैसे अन्य सामग्री मंगाने और ले जाने को रोकने के लिए सरकार ने यह निर्णय लिया है। गृहमंत्री अनिल देशमुख ने बताया कि जेलों में सीसीटीवी को लगाने के लिए केपीएमजी संस्था ने डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार की है। इसके लिए सरकार ने ८९ करोड़ रूपए का प्रावधान



किया है। सदन में प्रश्नोत्तर काल के दौरान कांग्रेस के सदस्य रामहरि रुपनवर ने जेल में बंद कैदियों द्वारा हथियार, मोबाइल, गांजा जैसे नशीले पदार्थ का मुद्दा उपस्थित किया था,जिसके जबाब में गृहमंत्री अनिल देशमुख बोल रहे थे। इस दौरान चर्चा में हिस्सा लेते हुए शेकाप के सदस्य जयंत पाटिल ने कहा कि मैं खुद उरण आंदोलन के कारण पुणे की येरवडा जेल में एक महीने रह चुका हूं। जेल में रहने के दौरान मैंने देखा है कि कैदियों को सबकुछ उपलब्ध कराया जाता है। इसमें शराब, गांजा जैसे नशीले पदार्थ शामिल है। पाटील ने राज्य के गृहमंत्री को जेल का अचानक दौरान करने की बात कही। पाटिल के सवाल का जबाव देते हुए गृहमंत्री अनिल देशमुख ने कहा कि राज्य के जेलों में सीसीटीवी लग जाने के बाद कैदियों को मिलने वाले नशीले पदार्थ बंद हो जाएंगे इस दौरान भाजपा सदस्य सुरेश धस ने चर्चा में हिस्सा लेते हुए कोल्हापुर जेल में मोबाइल मिलने को लेकर सवाल पूछा। इसके जबाव में मंत्री देशमुख ने कहा कि कोल्हापुर सेंट्रल जेल में जांच के दौरान एक मोबाइल मिला था। इसके बाद मोबाइल मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# कोरोना इफेक्ट: मुंबई की अलाना हाउस में बंद हुई नमाज

## ईरान से 44 लोगों को वापस भारत लाया गया

**संवाददाता**

**मुंबई।** कोरोना वायरस के खौफ इस कदर हावी हो रहा है कि मुंबई के कोलाबा के अलाना हाउस में नमाज को बंद कर दिया गया। अलाना हाउस की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि जब तक वायरस का असर पूरी तरह से खत्म नहीं हो जाता यहां नमाज बंद रहेगी। काला घोड़ा इलाके में शेयर बाजार और विश्वविद्यालय के पास स्थित अलाना हाउस में दिन में चार जमात की नमाज होती थी। यह नामाज दोपहर एक बजे, डेढ़ बजे, दो बजे और ढाई बजे अता की जाती थी। यहां महिलाओं के लिए एक विशेष नमाज हॉल भी है। अलाना हाउस का निर्माण 1910 से 1915 के बीच किया गया था। इमारत के निचले तल पर एक छोटी मस्जिद है। इसके फर्स्ट फ्लोर पर महिलाओं को नमाज पढ़ने के लिए एक खास जगह दी गई है। जहां पुरूषों का जाना बैन है। यहां ज्यादातर कॉरपोरेट ऑफिस में काम करने



वाले लोग ही आते हैं। इस वजह से यह हाईप्रोफाइल प्रार्थना स्थल के रुप में भी जाना जाता है। यहां सिया और सुन्नी दोनों वर्गों के मुसलमान नमाज पढ़ने आते हैं। वर्तमान में इसकी देखरेख अलाना परिवार करता है। ईरान से 44 लोगों को मुंबई लाया गया, सभी को इंडियन नेवी द्वारा घाटकोपर में बनाए आइसोलेशन वार्ड में शिफ्ट किया जा रहा है। यहां ये तकरीबन 14 दिनों तक डॉक्टरों की निगरानी में रहेंगे। कोरोना को देखते हुए मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्टेशन पर बना हेरिटेज संग्रहालय 31 मार्च तक बंद कर दिया गया है। इसका निर्माण वेल्स के राजकुमार प्रिंस चार्ल्स के भारत दौरे से पहले कुछ उद्योगपतियो और स्थानीय नागरिकों से प्राप्त चंदे से किया गया था। यह मुंबई के फोर्ट विलियम में एल्फिंस्टन कालेज के सामने है। इसके सामने रीगल सिनेमा और पुलिस आयुक्त कार्यालय स्थित है।

**सभी सरकारी कार्यक्रम रद्द:** गुरुवार को हुई कोरोना वायरस की समीक्षा बैठक में सरकार ने कई सारे अहम निर्णय लिए हैं। सरकार ने सभी सरकारी कार्यक्रम रद्द करने तथा आम आदमी से 15-20 दिन के लिए धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम टालने की अपील की है। जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि टूर आपरेटरों से जानकारियां लें कि उनके कितने पर्यटक कौन से देश में हैं और वे कब वापस आ रहे हैं। साथ ही सरकार ने यह भी अपील की है कि विदेश से लौटे लोग कम से कम 15 दिनों तक अपने घर पर ही रहें।

**सीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए डीएम को दिए निर्देश:** गुरुवार को मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने जिलाधिकारियों, विभागीय आयुक्त, मनपा आयुक्त के साथ वीडियो कांफ्रेंस कर निर्देश दिए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अजित पवार, स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे, मुख्य सचिव अजोय मेहता, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव डा. प्रदीप व्यास सहित अन्य अधिकारी व मंत्री उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र में जो 11 मरीज जांच में पॉजिटिव पाए गए हैं, उनमें वायरल के हल्के लक्षण हैं।

## एमवीए सहयोगी दलों में 'ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसा' कोई व्यक्ति नहीं है : अजित पवार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि राज्य में सत्तारूढ़ सहयोगी दल में ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसा कोई व्यक्ति रिपीट व्यक्ति नहीं है और उन्होंने भाजपा को अपने उन विधायकों पर नजर रखने के लिए कहा जो विधानसभा में मौजूद नहीं हैं। बजट मांगों पर अपने जवाब में वित्त मंत्री पवार ने भाजपा नेता सुधीर मुनगंटीवार के बृहस्पतिवार को सदन में उस आश्चर्यजनक खुलासे पर भी टिप्पणी की कि उनकी पार्टी ने पिछले साल सहयोगी दल शिवसेना को धोखा दिया था तथा यह एक भूल थी। पवार ने मुख्यमंत्री और शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे की ओर देखते हुए कहा, गलती के लिए कोई माफी नहीं है। इस पर सदन में ठहाके लगे। उन्होंने कहा कि महा विकास आघाड़ी (एमवीए) में 'ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसा कोई व्यक्ति' नहीं है और उन्होंने भाजपा से अपने विधायकों पर नजर रखने के लिए कहा क्योंकि उसकी खुद की पार्टी में ऐसा व्यक्ति हो सकता है। राकांपा नेता ने विपक्ष से कहा, बेहतर होगा कि आप उन लोगों पर नजर रखें जो अभी विधानसभा में मौजूद नहीं हैं। मुनगंटीवार ने बृहस्पतिवार को विधानसभा में कहा था कि मध्य प्रदेश की तरह महाराष्ट्र में भी एक सिंधिया होगा।

(पृष्ठ 1 का शेष)

**मुंबई समेत 4 शहरों में जिम-पूल और सिनेमाघर बंद**

सीएम उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को विधानसभा में यह जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोरोनावायरस से डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने बताया कि लोकल ट्रेन और बस सर्विस जारी रहेगी। हालांकि, सीएम के बाद स्वास्थ मंत्री राजेश टोपे मीडिया के सामने आये और कहा कि किसी भी मॉल या मल्टीप्लेक्स को बंद नहीं किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में कोरोना संक्रमण के 5 नए मामले सामने आए हैं। इसमें एक पुणे, तीन नागपुर और एक ठाणे में हैं। ऐसे में अब राज्य में कोरोना संक्रमण की पीड़ितों की संख्या बढ़कर 17 हो गई है। पुणे में अमेरिका से लौटे युवक कोरोना संक्रमित मिले हैं। इसके बाद उन्हें नायडू हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। अन्य लोग दुबई और फ्रांस से आए हैं। उद्धव ने यह भी बताया कि वे कंपनियों को कह रहे हैं कि वे अपने कर्मचारियों को घर से काम करने की मंजूरी दें। इसके अलावा पब्लिक गेदरिंग पर भी पाबंदी लगाने की बात कही है। पुणे में जेल प्रशासन ने जेल में बंद कैदियों के लिए भी सुरक्षा इंतजाम शुरू कर दिए हैं। पुणे जेल प्रशासन ने कैदियों के लिए करीब दो हजार मास्क मंगाए हैं। इसके अलावा जेल के गेट पर सेनिटाइजर रखा गया है। हर कैदी जेल से बाहर जाते समय और अंदर आते समय इसका इस्तेमाल कर रहा है। पिछले दो दिन से अफवाह थी कि नागपुर के जिलाधिकारी रविंद्र ठाकरे कोरोना से ग्रसित हैं। सोशल मीडिया में उनके छींकने और खासने को वजह बताते हुए ऐसे दावे किए जा रहे थे। शुक्रवार को मीडिया के सामने आए और बताया कि उन्हें कोरोना संकम्रण नहीं है। उनकी सेहत को लेकर झूठी अफवाह फैलाई जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**सिर्फ 8 दिन में बना डाली नकली सैनिटाइजर...**

जांच में सामने आया कि सैनिटाइजर बनाने वाली संस्कार आयुर्वेद नाम की यह फैक्ट्री सिर्फ 8 दिन पहले खुली थी। इस मामले में 4 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मुंबई फूड एंड ड्रग्स डिपार्टमेंट (एफडीए) ने वकोला इलाके स्थित संस्कार आयुर्वेद नाम की फैक्ट्री में छापा मार कार्रवाई करते हुए मौके से भारी मात्रा में नकली सैनिटाइजर बरामद किया है। एफडीए के निरीक्षक धनंजय जाधव ने कहा, यह कंपनी बिना अनुमति के सैनिटाइजर बना रही थी। यह कंपनी फर्जी तरीके से 8 दिन पहले बनाई गई। कंपनी की फैक्ट्री में जो सैनिटाइजर के बॉटल मिले हैं, उन पर लाइसेंस नंबर, बैच नंबर भी अंकित नहीं किये गए। एफडीए की जांच में सामने आया है कि कंपनी नकली सैनिटाइजर 'मेड इन वकोला' नाम से बेच रहे थे। इन नकली सैनिटाइजर को बाजार में 105 से लेकर 190 रुपए तक में बेचा जा रहा था। इसमें पानी और खराब गुणवत्ता के कच्चे माल का इस्तेमाल किया गया था। चिंता की बात यह है कि बगैर किसी भी तरह की जांच पड़ताल के मेडिकल स्टोर धड़ल्ले से ग्राहकों को ये नकली सैनिटाइजर बेच रहे हैं।

**कोरोना पर बोले राज ठाकरे...**

मैंने कहा कि पहले से ही देश में कई बीमारियां मौजूद हैं, एक और कोरोनावायरस नाम की बीमारी इस सूची में जुड़ गई है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। लेकिन हमें सतर्क रहने की जरूरत है। शिवाजी महाराज की जयंती की तारीख पर उन्होंने कहा, 'हिंदू परंपरा में हम उत्सव अपने कैलेंडर के अनुसार मनाते हैं न कि अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार। छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती हमारे लिए समारोह है और इसे पूरे साल मनाया जाना चाहिए।' दरअसल, राज्य सरकार छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती हर साल 19 फरवरी को मनाती है। हालांकि, कुछ लोगों का मानना है कि शिवाजी महाराज की जयंती तिथि (हिंदू कैलेंडर) के अनुसार मनाना चाहिए जो इस वर्ष 12 मार्च को है।












# दुनिया में कोरोनावायरस: स्पेन ने देश में 15 दिन का आपातकाल लगाया

## अफ्रीका के 18 देश चपेट में, इथियोपिया-सुडान में पहले मामले की पुष्टि

**दुनियाभर** में कोरोनावायरस से 1 लाख 39 हजार से ज्यादा लोग संक्रमित हो चुके हैं, जबकि 5120 लोगों की मौत हो चुकी है। ईरान में शुक्रवार को एक दिन में 85 लोगों की मौतों का मामला सामने आया है। यहां अब तक कुल 514 लोग मारे गए हैं। उधर, स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने कोरोनोवायरस के कारण देश में 15 दिनों का आपातकाल घोषित कर दिया है। वहीं, कोरोनोवायरस का प्रकोप अफ्रीकी महाद्वीप के लगभग 18 देशों में फैल गया है। केन्या, इथियोपिया, सूडान और गिनी में शुक्रवार को पहले मामलों की पुष्टि हुई है। यूक्रेन ने विदेशी नागरिकों के लिए अपने बॉर्डर बंद किए। यहां अभी तीन लोगों में संक्रमण का मामला सामने आया है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की पत्नी सोफी कोरोनावायरस से संक्रमित पाई गई। सोफी के साथ अब जस्टिन भी आईसोलेशन में रहेंगे। वे घर से सरकारी कामकाज संभालेंगे। सोफी मंगलवार को ही लंदन से लौटी थीं। इसके बाद से वे बीमार चल रहीं थीं। गुरुवार को उनकी टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आई। खबर के मुताबिक, दुनियाभर में गुरुवार



को संक्रमण का 2513 मामला सामने आया, जबकि 35 लोगों की मौत हुई। नेपाल ने 14 मार्च से 30 अप्रैल तक माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई के सारे परमिट रद्द किए। 48 दिन दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ाई नहीं की जा सकेगी। नेपाल को हर साल पर्वतारोहण से 4 मिलियन डॉलर (करीब 29.5 करोड़ रुपए) की आमदनी होती है। भारत में संक्रमण के अब तक 81 मामले सामने आ चुके हैं। इसमें भारत के 64, इटली के 16 और कनाडा के 1 नागरिक हैं। इस बीच दिल्ली और हरियाणा में कोरोना को महामारी घोषित कर दिया गया है। दिल्ली में 31 मार्च तक सभी सिनेमा हॉल बंद करने के निर्देश दिए हैं। जिन स्कूल और कॉलेजों में परीक्षाएं नहीं हो रही हैं, वे भी 31 तक बंद रहेंगे। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा, अगले आदेश तक दिल्ली में खेल से जुड़े सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। आईपीएल का भी कोई मैच नहीं होगा। साथ ही ऐसे कोई कार्यक्रम नहीं होंगे, जहां सैकड़ों-हजारों की संख्या में लोग इकट्ठा हों। एयर इंडिया ने 30 अप्रैल तक इटली, फ्रांस, जर्मनी, स्पेन, इजराइल, दक्षिण कोरिया और श्रीलंका के लिए उड़ानें रद्द कर दी हैं। न्यूज ने चीन के स्वास्थ्य विभाग के हवाले से बताया कि गुरुवार को देश में केवल संक्रमण का 8 मामला दर्ज किया गया है।

### द.कोरिया में 110 नए मामले सामने आए

**कोरिया सेंटर फॉर डिजिज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (केसी) दक्षिण कोरिया में गुरुवार को संक्रमण के 110 नए मामले सामने आए। हांलाकि, गुरुवार को ही 177 लोगों को अस्पताल से छुट्टी मिली। यहां अब संक्रमितों की संख्या 7,979 हो गई है, जबकि 66 लोग मारे गए हैं।**




## रिहाई के बाद फारूक बोले- मैं आज आजाद हूं, पर उमर और महबूबा की रिहाई के बगैर यह आजादी अधूरी

**जम्मू-कश्मीर** के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला शुक्रवार को रिहा हो गए। रिहा होने के बाद फारूक ने कहा कि आज वे आजाद हैं, लेकिन उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती की रिहाई के बिना ये आजादी अधूरी है। उन्होंने कहा कि अब वे संसद में लोगों की आवाज उठाएंगे। फारूक को 4 अगस्त 2019 की रात को नजरबंद किया गया था। अगले ही दिन जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटा लिया गया था। 15 सितंबर से उन्हें पब्लिक सेफ्टी एक्ट के तहत हिरासत में रखा गया था। उनकी हिरासत अवधि तीन-तीन महीने बढ़ाने के आदेश तीन बार जारी हुए। पिछला आदेश 11 मार्च को ही जारी हुआ था। इसे सरकार ने वापस ले लिया है। 82 वर्षीय फारुक अब्दुल्ला के साथ दो और पूर्व मुख्यमंत्रियों उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती को भी अलग-अलग जगहों पर हिरासत में रखा गया था। अभी उमर और महबूबा की रिहाई के आदेश नहीं हुए हैं। माना जा रहा है कि सरकार फारुक अब्दुल्ला की रिहाई से घाटी पर पड़ने वाले असर को देखना चाहती है। इसके बाद ही वह बाकी दो बड़े नेताओं की रिहाई पर कोई फैसला लेगी। रिहाई के बाद फारूक ने अपने घर पर मीडिया को बुलाया। उन्होंने कहा- मेरी आजादी तब तक



अधूरी है, जब तक उमर अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती व अन्य नेताओं की रिहाई नहीं हो जाती। उम्मीद है भारत सरकार अब उन सभी को रिहा करेगी, जिन्हें राजनीतिक हिरासत में लिया गया था। मैं उन सभी का शुक्रिया करता हूं, जिन्होंने मेरी रिहाई के लिए दुआएं की हैं। 9 मार्च को आठ विपक्षी पार्टियों ने केंद्र से मांग की थी कि जम्मू-कश्मीर के तीनों पूर्व मुख्यमंत्रियों फारूक, उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती को तत्काल रिहा किया जाए। विपक्षी नेताओं ने कहा कि ऐसा कोई रिकॉर्ड नहीं कि इन लोगों की गतिविधियों ने राष्ट्रीय हितों को खतरे में डाला हो।

## एनपीआर पर केजरीवाल बोले- मेरे पूरे परिवार और कैबिनेट के पास बर्थ सर्टिफिकेट नहीं तो क्या डिटेंशन सेंटर में डाल देंगे?

**विधानसभा** में शुक्रवार को दिल्ली में नेशनल पॉपुलेशन रजिस्टर (एनपीआर) नहीं लागू करने का प्रस्ताव पास किया गया। विधानसभा में मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि मेरे परिवार और पूरी कैबिनेट का बर्थ सर्टिफिकेट नहीं है तो क्या हमें डिटेंशन सेंटर में भेज दिया जाएगा? केजरीवाल ने विधानसभा में मौजूद सभी विधायकों से पूछा कि क्या आपके पास बर्थ सर्टिफिकेट है? इस पर 61 विधायकों ने ना में जवाब दिया। केजरीवाल ने कहा कि यह केंद्र के लिए सबसे बड़ा संदेश है। उन्होंने मोदी सरकार से अपील की कि एनपीआर और नेशनल रजिस्टर फॉर सिटीजंस (एनआरसी) को वापस ले लिया जाए। एनपीआर के खिलाफ प्रस्ताव में कहा गया है कि एनपीआर और एनआरसी ने देश में डर और तनाव का वातावरण बना दिया है। लोगों को चिंता है कि अगर उनके पास सिटिटनशिप साबित करने के लिए दस्तावेज नहीं हैं तो उन्हें डिटेंशन सेंटरों में भेज दिया जाएगा। 90 प्रतिशत भारतीयों के पास वह जरूरी दस्तावेज नहीं है, जिनका जिक्र केंद्र ने किया है। केंद्र बताए कि अगर किसी के पास दस्तावेज नहीं हैं तो वह क्या करे? एनपीआर के डाटा के एनआरसी में इस्तेमाल पर भी केंद्र को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।




# उन्नाव केस: दुष्कर्म पीड़ित के पिता की हिरासत में मौत मामले में पूर्व विधायक सेंगर समेत 7 दोषियों को 10-10 साल की कैद

## 9 अप्रैल 2018 को पीड़ित के पिता की न्यायिक हिरासत में मौत हो गई थी, परिजन ने हत्या का केस दर्ज कराया था

संवाददाता

**दिल्ली** के कोर्ट ने उन्नाव दुष्कर्म मामले में पीड़ित के पिता की हिरासत में मौत मामले में शुक्रवार को फैसला सुनाया। कोर्ट ने पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर और उनके भाई अतुल सेंगर समेत सभी सात दोषियों को 10-10 साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने सभी दोषियों पर 10-10 लाख रुपए का जुमार्ना भी लगाया। यह रकम पीड़ित के परिवार को दी जाएगी। इससे पहले पीड़ित से दुष्कर्म मामले में सेंगर को उम्रकैद हो चुकी है।

वह तिहाड़ जेल में बंद है। 4 मार्च को कुलदीप सेंगर, उसके भाई अतुल सेंगर, दो पुलिसकर्मियों और तीन अन्य आरोपियों को कोर्ट ने दोषी ठहराया था। इस मामले में सजा तय करने के लिए गुरुवार को अदालत में बहस हुई तो सेंगर कोर्ट में गिड़गिड़ाता नजर आया था। दरअसल, सीबीआई ने इस मामले को वीभत्स बताते हुए कठोर सजा देने की मांग की थी। इसके बाद सेंगर ने जिला जज धर्मेश शर्मा से कहा,



मुझे इंसाफ दिया जाए या फिर फांसी पर लटका दिया जाए। अगर मैंने कुछ गलत किया है, तो मेरी आंखें तेजाब से जला दी जाएं।

इस पर जज ने जवाब दिया, सभी तथ्यों और सबूतों के आधार पर ही फैसला (दोषी ठहराने) किया गया है। उन्नाव दुष्कर्म पीड़ित के पिता की 9 अप्रैल 2018 को ज्यूडिशियल कस्टडी के दौरान मौत हो गई थी। पिछले हफ्ते इस मामले में आरोपियों को दोषी ठहराते हुए कोर्ट ने कहा था- घटनाक्रम से स्पष्ट हो जाता है कि कुलदीप सिंह सेंगर के संरक्षण में ही पुलिस ने पीड़ित को राइफल की बैरल से पीटा और उसके साथ हैवानियत की गई। इसलिए इसका दोष साबित होता है। कोर्ट में सीबीआई के वकील ने कहा था- पीड़ित के पिता बीमार थे, इसके बावजूद उन्हें बुरी तरह से पीटा गया। आरोपी पुलिसकर्मी वहीं मौजूद थे। ये लोग उसकी मदद कर सकते थे, लेकिन इन्होंने ऐसा नहीं किया।

### तीन साल पहले नाबालिग ने दुष्कर्म का आरोप लगाया था

उन्नाव में कुलदीप सेंगर और उसके साथियों ने 2017 में नाबालिग को अगवाकर सामूहिक दुष्कर्म किया था। इस मामले की जांच सीबीआई ने की थी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर केस दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया गया था। दिल्ली कोर्ट ने दोषी कुलदीप सिंह सेंगर (53) को 20 दिसंबर को उम्रकैद की सजा सुनाते हुए उसे मृत्यु तक जेल में रखने के आदेश दिए थे। सेंगर पर 25 लाख रुपए जुर्माना भी लगाया गया था। कुलदीप सेंगर की विधानसभा सदस्यता भी रद्द की जा चुकी है।

### कांग्रेस से बसपा-सपा में होते हुए भाजपा में आया कुलदीप

कुलदीप सेंगर की गिनती उत्तर प्रदेश के दलबदलू नेताओं में होती है। 4 बार से लगातार विधायक रहा कुलदीप कभी चुनाव नहीं हारा। उसने उन्नाव जिले की अलग-अलग सीटों से 3 बार चुनाव जीता। वह 2002 में पहली बार बसपा से सदर, 2007 में सपा से बांगरमऊ और 2012 में भगवंतनगर से चुनाव जीता था। 2017 में उसने भाजपा से बांगरमऊ सीट से चुनाव जीता था।

# मध्य प्रदेश संकटः राज्यपाल लालजी टंडन से मिले कमलनाथ, 'कैद में बंद विधायकों रिहा कराने की मांग की'

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में जारी राजनीतिक संकट के बीच मुख्यमंत्री कमलनाथ ने राज्यपाल लालजी टंडन से मुलाकात की है। कमलनाथ ने राज्यपाल को एक पत्र सौंपकर आरोप लगाया कि बीजेपी विधायकों की खरीद फरोख्त कर रही है। उन्होंने राज्यपाल से अनुरोध किया कि वह 'बेंगलुरु में बंधक बनाए गए विधायकों को मुक्त कराएं।' राज्यपाल से मिलने के बाद कमलनाथ ने विक्ट्री साइन बनाकर सयासी संदेश देने की कोशिश की।



कमलनाथ ने कहा कि विश्वासमत परीक्षण राज्यपाल के अभिभाषण और बजट के दौरान हो जाएगा लेकिन यह तभी संभव है जब 22 विधायकों को कैद से मुक्त किया जाए। कमनाथ ने कहा, 'मध्य प्रदेश में बीजेपी अनैतिक और अवैध काम कर रही है। बीजेपी ने अपने पहले प्रयास में 3 और 4 मार्च को आधी रात में ड्रामा किया और विधायकों को ले गई। बीजेपी के जबरन और लालच देकर विधायकों को अपने कब्जे में रखने के इस प्रयास को कांग्रेस पार्टी ने असफल कर दिया।' उन्होंने कहा कि पहली बार असफल रहने के बाद बीजेपी ने 8 मार्च को तीन चार्टर्ड फ्लाइट का इंतजाम किया और कांग्रेस पार्टी के 19 विधायकों को लेकर बेंगलुरु गई।'

उन्होंने कहा कि चौंकाने वाली बात यह है कि बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं ने स्पीकर के आवास पर होली के दिन मुलाकात की और उन्हें कांग्रेस विधायकों का इस्तीफा सौंपा। इस दौरान 19 में से कोई भी इस्तीफा देने वाला विधायक स्पीकर के पास मौजूद नहीं था। कमलनाथ ने कहा कि बीजेपी नेताओं की यह पूरी साजिश अवैध है। सीएम ने राज्यपाल से अपील की कि वह 'बेंगलुरु में बंधक बनाए गए विधायकों को मुक्त कराएं।'

दरअसल, सरकार बचाने के लिए कमलनाथ चाहते हैं कि बागी विधायक किसी तरह सदन के भीतर पहुंचे। इसीलिए राज्यपाल से कहा है कि 16 या उसके बाद शक्ति परीक्षण के लिए वह तैयार हैं। विधानसभा सत्र 16 से शुरू हो रहा है। इस बीच स्पीकर ने बागियों को नोटिस जारी कर खुद उपस्थित रहने को कहा है. यानी इस्तीफा स्वीकार नहीं हुआ है। कमलनाथ कुनबे को उम्मीद है कि एक बार सदन के भीतर आने पर कुछ खेल हो सकता है। पांच- छह बीजेपी विधायक भी कमलनाथ के संपर्क में बताए जा रहे हैं।

इस बीच मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद प्रजापति ने कांग्रेस पार्टी के बागी विधायकों को नोटिस भेजकर आज मिलने बुलाया है। इन विधायकों से यह स्पष्ट करने को कहा गया है कि उन्होंने अपनी इच्छा से इस्तीफा दिया है या दबाव में आकर। स्पीकर ने यह कदम ऐसे समय पर उठाया है जब बीजेपी ने मांग की है कि कमलनाथ सरकार सोमवार से शुरू हो रहे बजट सत्र में विश्वासमत हासिल करे। उधर, कांग्रेस का कहना है कि वह 22 विधायकों के इस्तीफे पर फैसला होने के बाद वह विश्वासमत के लिए तैयार है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने बताया कि स्पीकर ने इस्तीफा देने वाले छह मंत्रियों सहित 22 विधायकों को नोटिस जारी किए हैं। उनका कहना था कि ये विधायक अपने इस्तीफे देने के लिए विधानसभा स्पीकर से क्यों नहीं मिल रहे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के मंगलवार को कांग्रेस छोड़ने और 22 विधायकों के इस्तीफे से 15 महीने पुरानी कमलनाथ सरकार बड़ी मुश्किल का सामना कर रही है। मध्य प्रदेश विधानसभा में बीजेपी के चीफ व्हिप नरोत्तम मिश्रा ने संवाददाताओं को बताया, 'राज्य सरकार के अल्पमत में होने के कारण हम राज्यपाल और विधानसभा स्पीकर से 16 मार्च को बहुमत परीक्षण की मांग करेंगे।'

# सीएम अरविंद केजरीवाल का ऐलान, दिल्ली के स्कूल, कॉलेज, सिनेमा हॉल 31 मार्च तक बंद

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी में स्कूलों, कॉलेजों और सिनेमा घरों को एहतियाती तौर पर 31 मार्च तक बंद रखने की गुरुवार को घोषणा की। केवल वे स्कूल और कॉलेज खुले रहेंगे, जहां अभी परीक्षाएं जारी हैं। सरकार ने सरकारी, निजी कार्यालयों, शॉपिंग मॉलों सहित सभी सार्वजनिक स्थानों को संक्रमण मुक्त बनाना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके साथ ही दिल्ली सरकार ने कोरोना वायरस को महामारी भी घोषित कर दिया।



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उपराज्यपाल अनिल बैजल और शीर्ष सरकारी अधिकारियों की उच्चस्तरीय बैठक के बाद यह फैसला किया गया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) के फ्लैटों और निमार्णाधीन अस्पतालों में दिल्ली सरकार पृथक रखे जाने की सुविधाओं का इंतजाम कर रही है। उन्होंने कहा, ह्यसभी सिनेमाघर 31 मार्च तक बंद रहेंगे। जहां परीक्षाएं जारी हैं उनके अलावा सभी स्कूल और कॉलेज भी कोरोना वायरस के मद्देनजर 31 मार्च तक बंद रहेंगे। सरकार ने कोरोना वायरस को महामारी घोषित कर दिया है। उन्होंने जरूरत पड़ने पर कोरोना वायरस के मरीजों को भर्ती करने के लिए अस्पतालों में 500 से अधिक बिस्तरों की सुविधा होने की जानकारी देते हुए सरकार के कोविड-19 से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार होने की बात कही।

केजरीवाल ने बताया कि बैठक में कोरोना वायरस से निपटने के लिए अभी तक उठाए कदमों की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा, हम हर कदम कोरोना वायरस से निपटने के लिए उठा रहे हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि इससे हमें मदद मिलेगी। विश्वभर में तेजी से कोरोना वायरस के मामले बढ़ रहे हैं जबकि भारत में हम अभी तक इसे नियंत्रित करने में कामयाब रहे हैं। अगर हम सावधान रहें तो हम कोरोना वायरस से अपने देश को बचा सकते हैं। उपराज्यपाल अनिल बैजल ने बैठक के बाद ट्वीट किया, दिल्ली में माननीय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, माननीय स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन, सीएस, दिल्ली और अन्य अधिकारियों के साथ कोविड-19 को नियंत्रित करने की तैयारियों की समीक्षा की। इसके फैलने की आशंका को कम करने के लिए सभी स्कूलों, कॉलेजों, सिनेमाघरों को बंद करने का निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय राजधानी में अभी तक इससे छह लोग संक्रमित पाए गए हैं। वहीं देशभर में इसके अभी तक 73 मामले सामने आ चुके हैं।

इससे पहले राजधानी दिल्ली में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मरीजों को देखते हुए दिल्ली सरकार ने प्राइमरी स्कूलों को 31 मार्च तक बंद रखने का आदेश दिया था। कई प्राइमरी स्कूलों में परीक्षाएं चल रही थीं, जिसे रोक दिया गया।

**राष्ट्रपति भवन शुक्रवार से आम जनता के लिए बंद**

कोरोना वायरस के मद्देनजर राष्ट्रपति भवन को ऐहतियाती तौर पर शुक्रवार से आम जनता के लिए बंद किया जा रहा है। आधिकारिक प्रवक्ता की ओर से जारी बयान के अनुसार राष्ट्रपति भवन अगले आदेश तक शुक्रवार से आम जनता के लिए बंद रहेगा। प्रवक्ता ने कहा, इसके अलावा, राष्ट्रपति भवन संग्रहालय (आरबीएमसी) और चेंज ऑफ द गार्ड सेरेमनी भी शुक्रवार से अगले आदेश तक बंद रहेगी।

# मुन्ना बजरंगी हत्याकांडः सीबीआई ने बागपत में डाला डेरा, पूछताछ शुरू

**लखनऊ।** सीबीआई ने बागपत जेल में हुई माफिया मुन्ना बजरंगी की हत्या की पड़ताल शुरू कर दी है। सीबीआई टीम ने बागपत जेल का निरीक्षण कर दो जेलकर्मियों और एक बंदी से गहन पूछताछ भी की है। सीबीआई जल्द फरेंसिक टीम व विशेषज्ञों के साथ जेल में मुन्ना बजरंगी की हत्या का सीन रीक्रिएट करेगी। मुन्ना बजरंगी की हत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए सीबीआई टीम ने बागपत जेल पर ही फोकस रखा है। वारदात के दौरान मौके पर मौजूद रहे एक बंदी से सीबीआई टीम ने बुधवार को पूछताछ की। इसके अलावा एक गेट कीपर और जेल वॉर्डर भी सवाल किए गए।

सीबीआई को एक माह के अंदर केस की स्टेटस रिपोर्ट हाईकोर्ट के सामने पेश करनी है। इसलिए सीबीआई जांच को तेजी से कर रही है। जल्द ही सीबीआई हत्यारोपित सुनील राठी को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। इसके साथ ही बर्खास्त हुए जेल अधिकारियों व जेलकर्मियों को भी नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा। सीबीआई की पड़ताल की सबसे अहम कड़ी बर्खास्त हुए जेलकर्मी ही हैं।

# 'उपद्रवियों' की होर्डिंग के खिलाफ एसपी नेता ने लगवाईं चिन्मयानंद और सेंगर की होर्डिंग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा करने वाले आरोपियों के होर्डिंग लगवाने को लेकर शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक ओर जहां इलाहाबाद हाईकोर्ट के होर्डिंग हटवाने के आदेश के खिलाफ यूपी सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है, वहीं समाजवादी पार्टी के नेता इसके खिलाफ अलग तरह से ही विरोध जता रहे हैं।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता आईपी सिंह ने लखनऊ के लोहिया चौराहे पर गुरुवार देर रात प्रशासन द्वारा लगाई गईं 'उपद्रवियों' की होडिंगों के पास ही दूसरी होर्डिंग लगवाईं। इन होडिंगों पर लिखा है, 'ये हैं प्रदेश की बेटियों के आरोपी, इनसे रहें सावधान'। इन होडिंगों पर लॉ स्टूडेंट से रेप के आरोपी पूर्व केन्द्रीय मंत्री चिन्मयानंद और उन्नाव रेप केस के दोषी कुलदीप सिंह सेंगर की तस्वीरें लगी हैं। इन होडिंगों पर 'बेटियां रहें सावधान, सुरक्षित रहे हिंदुस्तान' भी लिखा है। होडिंगों की तस्वीरों को आईपी सिंह ने ट्विटर पर भी शेयर किया।

आईपी सिंह ने लिखा, 'जब प्रदर्शनकारियों की कोई निजता नहीं है और हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी योगी सरकार होर्डिंग नहीं हटा रही है तो ये लीजिए फिर। लोहिया चौराहे पर मैंने भी कुछ कोर्ट द्वारा नामित अपराधियों के पोस्टर जनहित में जारी कर दिए हैं, इनसे बेटियां सावधान रहें।' वहीं दूसरी ओर इन होडिंगों के लगने की जानकारी मिलते ही पुलिस तुरंत ऐक्टिव हुई और मौके पर पहुंचकर इन्हें हटवाया। होडिंगें हटवाए जाने की खबर मिलने के बाद आईपी सिंह ने ट्वीट किया, 'आधी रात को 'बेटियों के आरोपियों' का पोस्टर लगते ही पूरा पुलिस महकमा 'सेंगर और चिन्मयानंद' की इज्जत बचाने में लग गया। अगर यही तत्परता पुलिस बेटियों की सुरक्षा में दिखाती तो अपराध में यूपी नम्बर वन नहीं बनता। यूपी सरकार का हाथ,अपराधियों के साथ। योगी सरकार पूरी तरह एक्सपोज हो गई।'

आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सीएए विरोधी प्रदर्शनों के दौरान हिंसा हुई थी। उत्तर प्रदेश सरकार ने हिंसा भड़काने के कुछ आरोपियों की तस्वीरों वाले पोस्टर लगवा दिए थे। इसके बाद इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मामले में स्वतः संज्ञान लेते पोस्टरों को हटवाने का आदेश दिया था। हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ यूपी सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंची थी और एससी ने मामले की सुनवाई को तीन जजों की बेंच में ट्रांसफर कर दिया था।

# कोरोना इफेक्टः कभी पैर रखने की जगह नहीं मिलती थी, आज दिखाई नहीं दे रहे लोग

कोरोना के कारण दुनिया भर की इकॉनमी के साथ ही टूरिज्म सेक्टर पर भी पर काफी बुरा प्रभाव पड़ा है। दुनिया भर में कई टूरिस्ट डेस्टिनेशन्स हैं, जहां साल भर पैर रखने की जगह नहीं होती थी। लेकिन पिछले कुछ समय से इन फेमस टूरिस्ट डेस्टिनेशन पर आने वाले सैलानियों की संख्या काफी कम हुई है। यहां हम आपको कोरोना के कारण वीरान पड़े कुछ टूरिस्ट डेस्टिनेशन की तस्वीरें दिखा रहे हैं।

**काबा, सऊदी अरब**

सऊदी अरब के मक्का में स्थित इस्लाम का सबसे पवित्र स्थल काबा में पूरे साल जायरीनों की भीड़ रहती है। लेकिन इस जगह को सैनिटाइज करने की खातिर बीते हफ्ते इसे जायरीनों के लिए बंद कर दिया गया था। लेकिन अब भी पवित्र उमरा के लिए लोग कम पहुंच रहे हैं।

**सेंट मार्क्स स्क्वेयर, वेनिस**

इटली की एक चौथाई आबादी घरों में कैद रहने के कारण वेनिस शहर का मशहूर सेंट मार्क्स स्क्वेयर लगातार दूसरे दिन बुधवार को भी सूना रहा। अन्य दिनों में यहां रोज 30 हजार से ज्यादा टूरिस्ट आते हैं।

**गिन्जा, तोक्यो**

जापान की राजधानी तोक्यो में शॉपिंग के लिए मशहूर गिन्जा जिले की सड़कें इन दिनों वीरान हैं। आलम यह है कि लोग सड़क के बीच में दुकान लगाए बैठे हैं, लेकिन कोई टोकने वाला नहीं है।



**ग्रैंड रॉयल पैलेस, बैंकॉक**

बैंकॉक का ग्रैंड रॉयल पैलेस भी टूरिस्टों के लिए तरस रहा है। थाइलैंड की टूरिज्म मिनिस्ट्री ने बताया कि इस डेस्टिनेशन में टूरिस्टों की तादाद लगभग आधी हो गई है।

**अंगकोर वाट, कंबोडिया**

कंबोडिया में स्थित अंगकोर वाट मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित दुनिया का सबसे बड़ा हिंदू मंदिर है। इस मंदिर को देखने के लिए हर साल लगभग 2 मिलियन लोग आते हैं। लेकिन पिछले कुछ दिनों से यहां आने वाले लोगों को संख्या काफी कम हुई है।



**बाली, इंडोनेशिया**

इंडोनेशिया का सबसे प्रसिद्ध शहर बाली एक टूरिस्ट डेस्टिनेशन भी है। यह अपने ज्वालामुखी वाले पहाड़, चावल के खेत, बीचेज और अंडरवॉटर कोरल रीफ के लिए दुनियाभर में मशहूर है। यहां मौजूद ढेर सारे मंदिर भी बड़ी संख्या में लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। लेकिन कोरोना वायरस के डर से यहां काफी कम संख्या में सैलानी आ रहे हैं।

**हनोई, वियतनाम**

साउथ ईस्ट एशिया का छोटा-सा खूबसूरत और शांत देश वियतनाम में लोग आराम और सुकून भरे पल गुजारने आते हैं। कोरोना वायरस के बढ़ते खतरे को देखते हुए वियतनाम ने एहतियातन कई उड़ानें रद्द कर दी हैं। इससे यहां आने वाले सैलानियों की संख्या काफी कम हो गई है।

**फुकेट, थाईलैंड**

फुकेट को थाईलैंड का सबसे रोमांटिक हनीमून स्पॉट भी कह सकते हैं। यहां के खूबसूरत बीच साल भर सैलानियों से पटे रहते हैं, लेकिन कोरोना के कारण यहां अब काफी कम संख्या में पर्यटक आ रहे हैं।

**गीजा के पिरामिड, मिस्र**

मिस्र का नाम सुनते ही सैलानियों के मन में पिरामिड और नील नदी आती है। पिरामिडों को देखने के लिए भारी संख्या में लोग आते हैं, लेकिन आजकल यहां काफी संख्या में लोग आ रहे हैं।

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
नए अनुबंध की दिशा में सफलता मिलेगी। मांगलिक या सांस्कृतिक उत्सव में हिस्सेदारी रहेगी। रचनात्मक प्रयास फलीभूत होंगे।

**सिंह**
पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा।

**धनु**
मन अज्ञात भय से ग्रसित रहेगा। छोटी-छोटी बातों में उत्तेजित होंगे। वाणी पर संयम रखें। संतान का सहयोग रहेगा।

**वृष**
आर्थिक योजना सार्थक होगी। अधीनस्थ कर्मचारी या बहन के कारण तनाव मिल सकता है। जबकि उच्च अधिकारी का सहयोग मिलेगा।

**कन्या**
व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शाही खर्च से बचना चाहिए। धन हानि की आशंका है। स्वास्थ्य और प्रतिष्ठा में जोखिम न उठाएं।

**मकर**
स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। आर्थिक मामलों में सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद होगी।

**मिथुन**
व्यावसायिक योजना सार्थक होगी। मैत्री संबंध मधुर होंगे। दांपत्य जीवन सुखमय होगा। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**तुला**
किया गया पुरुषार्थ सार्थक होगा। रिश्तों में मधुरता आएगी। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**कुंभ**
जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। किसी कार्य के संपन्न होने से आपके प्रभाव में वृद्धि होगी।

**कर्क**
आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। रिश्तों में मधुरता आएगी लेकिन शिक्षा या संतान तनाव का कारण रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।


**वृश्चिक**
उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी। शाही खर्च से बचें। कोई ऐसी बात हो सकती है जो आपके हित में न हो। पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी।

**मीन**
शासन सत्ता से सहयोग लेने में सफल होंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी।

# कोरोना के डर से दिल्ली के म्यूजियमों में विजिटर्स की संख्या हुई आधी

कोरोना वायरस का असर धीरे-धीरे पूरी दुनिया पर दिखने लगा है। इटली, चीन, जापान, कोरिया, अमेरिका समेत कई देशों में म्यूजियम और थियेटर्स बंद कर दिए गए हैं। कोरोना वायरल इंसान से इंसान तक फैलता है, इसलिए सरकारें बचाव के लिए अपनी तरफ से इंतजाम कर रही हैं। इधर, दिल्ली के कई म्यूजियम हाइपर अलर्ट हो गए हैं, तो कुछ अभी तक कोरोना के असर को समझने की कोशिश में जुटे हैं। लोगों में पैनिक न फैले इसलिए इंतजाम किए जा रहे हैं। भारत घूमने आए इटली के टूरिस्टों में कोरोना वायरस की पुष्टि होने के बाद दिल्ली के सभी म्यूजियम अलर्ट हो गए हैं, जहां विदेशी विजिटर्स बड़ी तादाद में आते हैं।

संस्कृति मंत्रालय के अधीन आने वाले म्यूजियमों में स्टाफ के लिए बायोमीट्रिक अटेंडेंस बंद कर दी गई। नैशनल म्यूजियम रोजाना करीब 1500 विजिटर्स का वेलकम करता है जिसमें इंटरनैशनल विजिटर भी शामिल हैं। एक अधिकारी के मुताबिक, '1 मार्च से ही म्यूजियम आने वालों की तादाद में भारी गिरावट आनी शुरू हो गई थी। अब यहां करीब 50 फीसदी कम टूरिस्ट आ रहे हैं। संडे को म्यूजियम विजिटर्स का आंकड़ा करीब 1800 से 2000 तक पहुंचता था। लेकिन इस बार 600 पर ही ठहर गया।' वह आगे बताते हैं, 'फिलहाल मंत्रालय की ओर से म्यूजियम या गैलरी बंद करने को लेकर कोई



निर्देश नहीं है, तो एग्जिबिशन सामान्य तौर पर चल रही हैं लेकिन स्पेशल इवेंट नहीं किए जा रहे हैं।

एक अन्य अधिकारी के मुताबिक, हम अपने विदेशी या देसी विजिटर्स से भेदभाव नहीं करते। लेकिन कोई विजिटर संक्रमित हो सकता है, इसलिए हम सेनिटाइज का इस्तेमाल करके सावधानी बरत रहे हैं। हमारा फ्रंट स्टाफ जरूरत पड़ने पर मास्क भी लगा रहा है। वैसे यहां रखे बुद्ध के अवशेष देखने बड़ी संख्या में लोग आते हैं, जिनमें से ज्यादातर श्रीलंका, कोरिया, थाइलैंड जैसे बौद्ध धर्म मानने वाले देशों से होते हैं जो खुद ही मास्क लगाकर आ रहे हैं। वैसे म्यूजियम में विजिटर संख्या घटने की वजह कोरोना के डर के अलावा स्कूलों में एग्जाम और टूरिस्टों का खत्म होता सीजन भी बताया जा रहा है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# छोटा-सा मसल क्रैम्प और बड़ी-सी पीड़ा

**मसल** क्रैम्प यानी मांसपेशियों की ऐंठन या जकड़न बेहद आम समस्या है, जिससे लगभग हर व्यक्ति कभी-न-कभी प्रभावित होता है। शरीर की कोई मांसपेशी अचानक जकड़ जाती है, जिससे आप दर्द से सिहर उठते हैं। यूं तो कोई भी मांसपेशी इस प्रकार क्रैम्प की शिकार हो सकती है लेकिन अधिकांशतः पैरों की मांसपेशियों में ऐसा होता है।



## कैसे बचें क्रैम्प्स से?

क्रैम्प्स की समस्या से बचने के लिए आप कुछ साधारण उपाय अपना सकते हैं। डीहाइड्रेशन से हर हाल में बचें। इसके लिए अपनी शारीरिक गतिविधि को मद्देनजर रखते हुए समय-समय पर पानी पीते रहें। कुछ हल्का-फुल्का खाते भी रहें। इससे शरीर में पानी व खनिज की कमी नहीं होगी। स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज करें। यदि रात को नींद में पिंडलियों में क्रैम्प की समस्या होती है, तो सोने से कुछ पहले स्टेशनरी साइकल चलाने जैसा कोई हल्का व्यायाम करें। वहीं, यदि आपको लगता है कि किसी खास कसरत की वजह से आपको क्रैम्प की समस्या हो रही है, तो अपने एक्सरसाइज को रेजीम बदलें।

## क्यों होता है मसल क्रैम्प?

**मसल क्रैम्प के कई कारण हो सकते हैं। इनमें प्रमुख हैं:**

- रक्त संचार में गड़बड़ी
- कसरत या खेलकूद के दौरान मांसपेशियों पर अधिक जोर पड़ना
- डीहाइड्रेशन
- शरीर में मैग्नीशियम या पोटेशियम की कमी
- गर्भवती महिलाओं में कैल्शियम की कमी
- रीढ़ की तंत्रिकाओं के दबने से भी टांगों में क्रैम्प की अनुभूति हो सकती है
- कुछ दवाइयों के साइड इफेक्ट के तौर पर भी मसल क्रैम्प हो सकते हैं।

## क्या करें जब क्रैम्प हो?

**यूं तो क्रैम्प सामान्यतः** कोई गंभीर समस्या नहीं होता लेकिन इसकी वजह से होने वाला तीव्र दर्द बुरी तरह व्यथित करके रख देता है। आप हल्का मसाज करके या थोड़ी स्ट्रेचिंग करके राहत पा सकते हैं। शुरुआती अवस्था में प्रभावित मांसपेशी पर सिकताव करने से लाभ हो सकता है। दर्द थोड़ा कम होने पर प्रभावित स्थान पर बर्फ लगाएं। अक्सर रात में सोते हुए अचानक पिंडलियों में जकड़न के कारण तीव्र पीड़ा होती है और व्यक्ति छटपटाते हुए जाग उठता है। ऐसे में सबसे आसान उपाय यह है कि आप खड़े हो जाएं और अपना वजन उस पैर पर डालें, जिसकी मांसपेशी में जकड़न आई है। यदि चलते-फिरते या कोई काम करते वक्त क्रैम्प हो आए, तो आप जो भी काम कर रहे हैं, उसे रोक दें और प्रभावित मांसपेशी को स्ट्रेच करें या फिर हल्के-से मसाज करें। अक्सर क्रैम्प का कारण डीहाइड्रेशन होता है। इसलिए पानी पीने से राहत मिल सकती है। मगर डीहाइड्रेशन का मतलब केवल पानी की कमी नहीं होता, इसमें खनिजों की भी कमी हो जाती है। इसलिए सॉल्ट टैबलेट या स्पोर्ट्स ड्रिंक भी लें।

## कब जरूरी है डॉक्टर को दिखाना?

वैसे तो आप अपने स्तर पर ही कुछ सामान्य उपाय कर क्रैम्प से राहत व छुटकारा पा सकते हैं लेकिन कुछ मामलों में यह समस्या गंभीर रूप ले लेती है और तब डॉक्टर को दिखाना जरूरी हो जाता है। यदि जकड़न व दर्द बहुत अधिक हो, साधारण स्ट्रेचिंग से राहत न मिले, क्रैम्प लंबे समय तक बना रहे या बार-बार यह समस्या होती रहे, तो डॉक्टर के पास जाना ही बेहतर होता है। डॉक्टर विस्तृत परीक्षण करने के बाद थायरॉइड व गुर्दे के कार्य अथवा कैल्शियम/ पोटेशियम/ मैग्नीशियम मेटाबॉलिज्म की जांच हेतु टेस्ट कराने को कह सकते हैं। तात्कालिक राहत के लिए डॉक्टर कोई दर्दनिवारक दवा भी दे सकते हैं।

# डायबिटीज की कड़वाहट बढ़ाता स्ट्रेस

**भागती-दौड़ती** जिंदगी में लाइफस्टाइल डिसीज का खतरा बढ़ता जा रहा है। हर उम्र और वर्ग के लोग इसके शिकार बन रहे हैं। डायबिटीज भी इन्हीं मुसीबतों में से एक है, जिसके पीड़ितों की संख्या में हर दिन इजाफा हो रहा है। इस मुश्किल को बढ़ाने वाला एक प्रमुख कारण है स्ट्रेस।

### एक बीमारी, कई खतरे

डायबिटीज केवल एक बीमारी नहीं है। यह कई सारी मुसीबतों को आमंत्रण देने वाली एक स्थिति है। इसके कारण शरीर के विभिन्ना अंगों की कार्यप्रणाली पर बुरा असर पड़ने के साथ ही अंगों के क्षतिग्रस्त होने तक की आशंका हो सकती है। यही कारण है कि दुनिया भर में इसे लेकर लोगों को सतर्क किया जा रहा है।

### स्ट्रेस डालता है बुरा असर

दफ्तर, घर और यहां तक कि स्कूल और कॉलेज में तेज रफ्तार जीवन के कारण लोगों में तनाव जैसी स्थितियां आम तौर पर पनपने लगी हैं। मानसिक स्तर होने वाले यही बदलाव डायबिटीज के भी पैदा होने और फिर इसकी वजह से शरीर द्वारा गंभीर परिणाम झेलने की वजह बनते हैं। लंबे समय तक साथ रहने वाला स्ट्रेस शरीर की रक्त शर्करा के प्रबंधन की क्षमता को बाधित करता है। यदि ज्यादा समय तक यही स्थिति बनी रहे, तो समस्या बढ़ती चली जाती है।

### लक्षण दशाएँ स्ट्रेस

मानसिक, भावनात्मक तथा शारीरिक स्तर पर पड़ने वाला तनाव ही स्ट्रेस की स्थिति होती है। इसके कारण आप सिरदर्द, कंपकंपाहट, गुस्सा आना या व्यवहार में परिवर्तन, मूड स्विंग्स, पैनिक अटैक, तेज पसीना आना या भिंचे हुए जबड़े आदि जैसी अनुभूतियां कर सकते हैं। लंबे समय तक इसके बने रहने से शरीर इस तरह महसूस करता है मानो वह लगातार एक प्रकार के हमले से लड़ रहा हो। जब ऐसा होता है, तब शरीर में हार्मोन्स का स्तर बढ़ने लगता है और यह असंतुलन रक्त में शकर के संतुलन को गड़बड़ा सकता है।

### डायबिटिक या सामान्य?

स्ट्रेस की यह स्थिति उन लोगों को तो दिक्कत देती ही है, जो पहले से डायबिटिक होते हैं। इसके अलावा वे लोग जिनमें अब तक शुगर के स्तर के बढ़ने जैसी स्थिति नहीं बनी है, वे भी इसकी जद में आ जाते हैं और डायबिटिक हो सकते हैं। वहीं स्ट्रेस के साथ अल्कोहल का सेवन, एक्सरसाइज या फिजिकल एक्टिविटी की कमी, अनियमित खानपान तथा नींद में कमी मिलकर भी व्यक्ति को डायबिटीज की ओर धकेल सकती हैं।

## करें परिवर्तन

स्ट्रेस की यह स्थिति तकलीफदायी न बने, इसके लिए प्रयास करें। डायबिटीज का सबसे अच्छा इलाज उसका सही प्रबंधन ही है। इसलिए कुछ खास बातों को हमेशा के लिए अपने जीवन का हिस्सा बना लें। इनमें शामिल हैं:

- ध्यान (मेडिटेशन) को अपनाएं
- सकारात्मक चीजों से जुड़ें
- बार-बार दुख देने वाले कारणों को याद न करें
- खुद को व्यस्त रखें
- गहरी सांस लेने व छोड़ने का अभ्यास नियमित करें
- नियमित व्यायाम को अपनाएं
- संगीत या अन्य क्रिएटिव चीजों के जरिए जीवन को सरल और प्रवाहमय बनाएं।

आप डायबिटिक हों, तब भी या न हों तब भी, इन चीजों को व्यवहार में जरूर लाएं। ये स्वस्थ बने रहने में आपके लिए बहुत मददगार साबित होंगी।



# आपके घर में आ बसे हैं बीमारी देने वाले कीटाणु!

**फलों** को धोने के दौरान अगर वे किचन की सिंक में गिर जाएं तो शायद ही कोई ऐसा हो, जो उन्हें दोबारा अच्छी तरह धोए। फल किचन में ही तो गिरे हैं, बाथरूम में तो नहीं! ...लेकिन जरा रुकिए! हमारे घरों के भीतर कुछ ऐसी जगहें हैं, जिन्हें हम तो साफ मानते हैं लेकिन वास्तव में जो जर्म्स यानी विषाणु, बैक्टीरिया एवं कई अन्य तरह के माइक्रो-ऑर्गनिज्म का बसेरा हैं। अच्छी बात यह है कि इनमें से लगभग 90 प्रतिशत जर्म्स हमें कोई नुकसान नहीं पहुंचाते हैं लेकिन शेष 10 प्रतिशत सारी बीमारियां दे सकते हैं।

**रसोईघर की सिंक**

बर्तन, फल-सब्जी आदि धोने, खाना पकाने के दौरान सबसे ज्यादा इस्तेमाल यहां सिंक का होता है। मगर इन्हीं प्रक्रियाओं के दौरान मिट्टी, फल-सब्जियों के टुकड़े, बचा हुआ खाना आदि सिंक या उसके पाइप में जमा हो जाते हैं और नुकसान पहुंचाने वाले जर्म्स पनपते हैं। बाद में यही हमारे हाथों से होकर शरीर के भीतर पहुंच जाते हैं। मजे की बात यह है कि लगभग सभी घरों में रसोईघर की सिंक को साफ मानते हुए उसकी सफाई को लेकर कोई अतिरिक्त प्रयास नहीं किया जाता और जर्म्स बढ़ते ही जाते हैं।

**करें सफाई:** किचन की सिंक की नियमित सफाई करें। इसके लिए ब्लीच या किसी भी क्लींजिंग उत्पाद का उपयोग किया जा सकता है। इसके पाइप की भी सफाई का ध्यान रखें।

**आपका टूथब्रश**

आप दिन में दो बार ब्रश करते हैं ताकि दांत साफ रहें, लेकिन हो सकता है कि इसके ठीक उलट ब्रश के जरिए जर्म्स आपके मुंह में जा रहे हों। दांत साफ करने के बाद अधिकतर लोग ब्रश को केवल पानी से साफ कर उसे खुला छोड़ देते हैं। बहुत-से घरों में ब्रश बाथरूम-कम-टॉयलेट में बेसिन के करीब रहता है ताकि सुविधा हो लेकिन यही इसमें जर्म्स का कारक बनता है।

**रखें ध्यान:** टूथब्रश को हमेशा कैप लगाकर रखें। ब्रश को टॉयलेट से दूर कहीं और रखने का प्रयास करें या अगर टॉयलेट के पास रखें तो फ्लश करते वक्त कमोड का ढक्कन बंद रखें। ब्रश को हर तीन महीने में बदलते रहें।



# नेमार के दम पर पीएसजी चार साल बाद क्वार्टरफाइनल में पहुंचा

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में फैले कोरोना वायरस का असर खेलों पर भी पड़ रहा है। नतीजा बड़ी संख्या में या तो टूनामेंट रद्द किए जा रहे हैं या फिर दर्शकों के बिना खेले जा रहे हैं। चैंपियंस लीग के मैचों के लिए खचाखच भरे रहने वाले मैदान खाली पड़े हैं। पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) और बोरुसिया डॉर्टमंट के बीच अंतिम-16 के दूसरे चरण का मुकाबला भी बंद दरवाजों के बीच खेला गया। इसमें पीएसजी ने नेमार (28वें मिनट) और जुआन बर्नाट (45+1 मिनट) के दम पर डॉर्टमंट को 2-0 से और कुल 3-2 से मात देकर चार साल बाद क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

पीएसजी ने इससे पहले 2015-16 में अंतिम आठ में जगह बनाई थी। गत चैंपियन लिवरपूल अतिरिक्त समय तक चले मुकाबले में एटलेटिको मैड्रिड से 2-3 और कुल 2-4 के अंतर से हराकर टूनामेंट से बाहर हो गया। एटलेटिको ने सभी तीनों गोल अतिरिक्त समय में दागे। लिवरपूल 94वें मिनट तक 2-0 की बढ़त बनाए हुए था। उसके लिए जॉर्जिनियो विज्नाल्डुम (43वें मिनट) और रॉबर्टो फिर्मिनो ने (94वें मिनट) गोल किए। एटलेटिको के लिए मार्कोस लॉरेंटे ने (97वें, 105+1वें मिनट) और अल्वारो मोराता (120+1वें मिनट) में गोलकर टीम को क्वार्टर फाइनल में पहुंचा दिया। नेमार के दम पर पीएसजी चार साल बाद क्वार्टरफाइनल में पहुंचा दुनिया भर में फैले कोरोना वायरस का असर खेलों पर भी पड़ रहा है। नतीजा बड़ी संख्या में या तो टूनामेंट रद्द किए जा रहे हैं या फिर दर्शकों के बिना खेले जा रहे हैं। चैंपियंस लीग के मैचों के लिए खचाखच भरे रहने वाले मैदान खाली पड़े हैं। पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) और बोरुसिया डॉर्टमंट के बीच अंतिम-16 के दूसरे चरण का मुकाबला भी बंद दरवाजों के बीच खेला गया। इसमें पीएसजी ने नेमार (28वें मिनट) और जुआन बर्नाट (45+1 मिनट) के दम पर डॉर्टमंट को 2-0 से और कुल 3-2 से मात देकर चार साल बाद क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पीएसजी ने इससे पहले 2015-16 में अंतिम आठ में जगह बनाई थी। गत चैंपियन लिवरपूल अतिरिक्त समय तक चले मुकाबले में एटलेटिको मैड्रिड से 2-3 और कुल 2-4 के अंतर से हराकर टूनामेंट से बाहर हो गया। एटलेटिको ने सभी तीनों गोल अतिरिक्त समय में दागे। लिवरपूल 94वें मिनट तक 2-0 की बढ़त बनाए हुए था। उसके लिए जॉर्जिनियो विज्नाल्डुम (43वें मिनट) और रॉबर्टो फिर्मिनो ने (94वें मिनट) गोल किए। एटलेटिको के लिए मार्कोस लॉरेंटे ने (97वें, 105+1वें मिनट) और अल्वारो मोराता (120+1वें मिनट) में गोलकर टीम को क्वार्टर फाइनल में पहुंचा दिया।

# टेनिसः कोरोनावायरस के कारण फेड कप फाइनल, प्लेऑफ स्थगित

**बुडापेस्ट।** अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ ने दुनिया भर में फैले कोरोनावायरस के खतरों को देखते हुए फेड कप फाइनल और प्लेऑफ मुकाबलों को स्थगित करने की घोषणा की है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, आईटीएफ ने बुधवार को हंगरी सरकार द्वारा इंडोर खेलों को लेकर की गई घोषणा के बाद स्थानीय आयोजन समिति से चर्चा करने के बाद एहतियातन इसे स्थगित करने का फैसला किया।

फेड कप का आयोजन 14 से 19 अप्रैल तक बुडापेस्ट में होना था। फेड कप फाइनल्स एक ओलिंपिक क्वॉलिफाइंग टूर्नमेंट है। वहीं, फेड कप प्लेऑफ का आयोजन 17 से 18 अप्रैल तक दुनिया भर के 8 स्थानों में होने थे और इसे भी स्थगित कर दिया गया है। इसकी नई तारीखों की घोषणा बाद में की जाएगी। आईटीएफ के अध्यक्ष डेविड हेगर्टी ने कहा, 'आईटीएफ के कोविंड-19 सलाहकार समूह स्थिति पर करीबी से नजर बनाए हुए हैं।

# कोरोना का कहर, देश में सभी खेल प्रतियोगिताएं खाली स्टेडियमों में

**नई दिल्ली।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच लखनऊ और कोलकाता में होने वाले आखिरी दो एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच कोरोना वायरस महामारी के कारण खाली स्टेडियम में खेले जाएंगे। लखनऊ में मैच 15 मार्च को जबकि कोलकाता में 18 मार्च को खेला जाना है।

खेल मंत्रालय ने परामर्श जारी करके कहा है कि अगर किसी खेल प्रतियोगिता को स्थगित नहीं किया जा सकता है तो फिर भारी संख्या में दर्शकों के बिना इनका आयोजन किया जाना चाहिए। बीसीसीआई ने कहा, बीसीसीआई को खेल मंत्रालय का परामर्श मिला है। अगर हमें भीड़ जुटाने से बचने की सलाह दी जाती है तो हमें उसका पालन करना होगा। बंगाल क्रिकेट



संघ (कैब) के अध्यक्ष अविषेक डालमिया ने बताया कि कैब ने टिकटों की बिक्री रोकने का फैसला किया है। कैब अध्यक्ष ने इन हालात पर चर्चा के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से कोलकाता में सचिवालय में मुलाकात की। डालमिया ने कोलकाता से कहा, मैंने सचिवालय में मुख्यमंत्री से मुलाकात की। हम सरकारी निर्देश का पालन करेंगे जो आज जारी किया गया है और हम तुरंत प्रभाव से सभी टिकटों की बिक्री रोक रहे हैं। क्या इससे निष्कर्ष नहीं निकलता की मैच खाली स्टेडियम में खेले जाएंगे तो उन्होंने कहा, मैं कोई भी टिप्पणी नहीं करना चाहूंगा। फिलहाल स्थिति यही है कि हम अगले निर्देश तक टिकटों की बिक्री रोक देंगे। अब तक स्थिति यही है। अगर मैच खाली स्टेडियम में खेले जाते हैं तो खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के अलावा केवल टीवी क्रू, कॉमेंटेटर ओर पत्रकारों को ही स्टेडियम में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी। बीसीसीआई राजकोट में रणजी ट्रॉफी फाइनल के अंतिम और पांचवें दिन का खेल खाली स्टेडियम में ही कराएगा।

# ऑल इंग्लैंड बैडमिंटनः सिंधु क्वार्टर फाइनल में, ओकुहारा का करेंगी सामना

**बर्मिंघम।** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ऑल इग्लैंड चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं. छठी वरीय और ओलंपिक की रजत पदक विजेता सिंधु ने कोरिया की जि ह्यून को 49 मिनट तक चले मुकाबले में 21-19 21-15 से हराया. अब उनका सामना जापान की चौथी वरीय नोजोमी ओकुहारा से होगा. ओकुहारा के खिलाफ सिंधु बेहतर रिकॉर्ड रखती हैं. दोनों के बीच अब तक हुए मुकाबलों में सिंधु ने 9 में जीत हासिल की है, जबकि ओकुहारा को 7 में जीत मिली है. दूसरी तरफ, लक्ष्य सेन पुरुष एकल के दूसरे दौर में डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन से सीधे गेम में पराजित होकर टूनामेंट से बाहर हो गए. सेन को पुरुष एकल के 45 मिनट तक चले दूसरे दौर के मैच में दूसरे वरीय और दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के विक्टर से 17-21 18-21 से हार का सामना करना पड़ा. उन्होंने हॉन्ग कॉन्ग के च्युक यू ली को 59 मिनट चले पहले दौर के कड़े मुकाबले में 17-21 21-8 21-17 से हराया था.

# खेलों में भी पहुंचा कोरोना का वायरस- इन खिलाड़ियों को हुआ संक्रमण




**नई दिल्ली।** खेलों में भी पहुंचा कोरोना का वायरस- इन खिलाड़ियों को हुआ संक्रमणघातक कोविड-19 कोरोना वायरस ने अब खेल की दुनिया में भी एंट्री कर ली है। दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में कुछ खिलाड़ियों को कोरोना वायरस का पॉजिटिव पाया गया है और कुछ को ऐहितियात के तौर पर एकांत में शिफ्ट कर दिया गया है। इन खिलाड़ियों के सेंपल लेकर कोरोना की जांच की जा रही है।

उथाह जैज के खिलाड़ी रूडी गोबर्ट कोरोना के खतरे को लेकर गंभीर नहीं थे। वह ठइअ के एक मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में आए तो उन्होंने जानबूझकर मीडिया के माइक और रिकॉर्डर्स को छुआ। वह कोरोना का मजाक उड़ा रहे थे कि यह यूं ही नहीं फैलता। लेकिन बाद में वह कोरोना टेस्ट में पॉजिटिव पाए गए। यही हरकत वह टीम के ड्रेसिंग रूम में भी कर रहे थे (सभी का सामान छूना और सबके संपर्क में रहना) अब उनके संपर्क में आने वाले बाकी लोग भी निगरानी में हैं। नैशनल बास्केट बॉल के लिए चिंताए तब और भी बढ़ गईं, जब रूडी के बाद उसके दूसरे खिलाड़ी डोनोवेन मिशेल भी कोरोना टेस्ट में पॉजिटिव पाए गए। अब जैज के सभी खिलाड़ियों और सपॉर्टिंग स्टाफ की जांच चल रही है। आर्सेनल के मैनेजर माइकेल अरटेटा को भी इस घातक वायरस की जांच पॉजिटिव पाया गया है। इसके साथ ही इस क्लब के ब्राइग्टन के खिलाफ होने वाले मैच को भी स्थगित कर दिया गया है। फॉम्यूर्ला 1 रेस में भाग लेने वाली टीम मैकलारेन का एक कर्मचारी कोरोना टेस्ट में पॉजिटिव पाया गया। इसके बाद इस टीम ने ऑस्ट्रेलिया ग्रां प्री में भाग लेने से इनकार कर दिया। टीम के सभी खिलाड़ियों होटल के अलग-अलग कमरों में रखा गया है। उनकी जांच जारी है। पुर्तगाल के फुटबॉल स्टार भी कोरोना वायरस से पीड़ित होने के शक में हैं। रोनाल्डो जुवेन्टस के साथ खेले अपने एक मैच (8 मार्च) के बाद टीम के साथ वापस नहीं लौटे और अपनी मां के घर चले गए। यहां उनके दोस्त को कोरोना वायरस का पीड़ित पाया गया, जिसका कड़ी निगरानी में उपचार चल रहा है। इस बीच रोनाल्डो को भी अलग रखा गया है और इस वायरस संबंधी उनकी भी जांच चल रही है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# प्रियंका ने सुनाई आपबीती



**प्रियंका** चोपड़ा आज बॉलिवुड की टॉप हिरोइनों में शुमार हैं। भारत ही नहीं बल्कि दुनियाभर में उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। उन्होंने कई इंटरनैशनल प्रॉजेक्ट्स में भी काम किया है। कुल मिलाकर प्रियंका के पास दौलत, शोहरत, नाम और रुतबा सब कुछ है। लेकिन एक वक्त था जब प्रियंका बहुत ही बुरे दौर से गुजर रही थीं और उन्हें फिल्मों तक से निकाल दिया जाता था। प्रियंका ने हाल ही में एक फैशन मैगजीन को दिए इंटरव्यू में पूरी आपबीती सुनाई। अपने करियर के शुरूआती दिनों के संघर्ष के बारे में बताते हुए प्रियंका ने कहा, न तो मुझे कुछ पता था और न ही मैं किसी को जानती थी। फिल्म निर्देशक मुझ पर चिल्लाते थे। कभी मुझे फिल्मों में ले लिया जाता था और फिर फिल्मों से निकाल भी दिया जाता था। लेकिन मैंने खुद पर विश्वास करना सीखा। मैंने सीखा कि असफल होने के बाद आप जो करते हैं वही आपको सफल बनाता है। प्रियंका ने मिस वर्ल्ड 2000 का खिताब जीतने के बाद अपने ऐक्टिंग करियर की शुरूआत की थी। उनकी पहली फिल्म 'द हीरोः लव स्टोरी ऑफ ए स्पाई' थी, जिसमें सनी देओल और प्रीति जिंटा थीं। इसके बाद उन्होंने अक्षय कुमार और लारा दत्ता के साथ 'अंदाज' की, जिसमें उन्हें पसंद किया गया। लेकिन प्रियंका को असली पहचान फिल्म 'ऐतराज' से मिली। अक्षय और करीना कपूर स्टारर इस फिल्म में प्रियंका के नेगेटिव रोल को खूब पसंद किया गया। साल 2008 से प्रियंका के करियर में गजब का टर्न देखने को मिला।

# रणबीर-आलिया पर संजय दत्त ने किया कॉमेंट





**पीरियड** ड्रामा 'पानीपत' में अपनी ऐक्टिंग से लोगों को इम्प्रेस करने के बाद अब संजय दत्त कुछ और इंट्रेस्टिंग प्रॉजेक्ट्स के साथ तैयार हैं। वह अब आलिया भट्ट के साथ 'सड़क 2' और रणबीर कपूर संग एक फिल्म में नजर आएंगे। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान संजय ने दोनों ऐक्टर्स के साथ अपने वर्क एक्सपीरियंस पर बात की। उन्होंने दोनों ही शानदार ऐक्टर्स की तारीफ करते हुए कहा कि रणबीर-आलिया फ्रेश और प्रतिभाशाली टैलंट हैं। संजय को लगता है कि यह कपल देश का शानदार टैलंट है और सभी उन्हें प्यार करते हैं। संजय ने आगे कहा कि यंग स्टार्स के साथ काम करना मजेदार होता है और वे सेट पर काफी एनर्जी लेकर आते हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो संजय अब डायरेक्टर महेश भट्ट की फिल्म 'सड़क 2' में दिखेंगे। फिल्म में पूजा भट्ट, आदित्य रॉय कपूर, गुलशन ग्रोवर जैसे ऐक्टर्स भी अहम किरदारों में होंगे। इसके अलावा वह यश स्टारर 'केजीएफः चैप्टर 2' में विलन के रोल में होंगे। फिल्म में रवीना टंडन भी दिखेंगी। संजय 'भुजः द प्राइड ऑफ इंडिया' में भी नजर आएंगे जिसमें अजय देवगन भी दिखेंगे।

# 'स्लमडॉग मिलियनेयर' के लिए शॉर्टलिस्ट हुई थीं नुसरत भरूचा?



**बॉलिवुड** ऐक्ट्रेस नुसरत भरूचा के पास इस समय कई सारी बॉलिवुड फिल्में हैं। नुसरत ने 'प्यार का पंचनामा' और 'सोनू के टीटू की स्वीटी' जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम कर चुकी हैं। अब नुसरत की फिल्म 'ड्रीम गर्ल' रिलीज के लिए तैयार है जिसमें वह आयुष्मान खुराना के साथ दिखाई देंगी। लेकिन बहुत कम लोगों को ही पता है कि नुसरत को हॉलिवुड की ऑस्कर जीतने वाली फिल्म 'स्लमडॉग मिलियनेयर' के लिए भी शॉर्ट लिस्ट किया गया था। 'स्लमडॉग मिलियनेयर' के डायरेक्टर डैनी बॉयल ने नुसरत को शॉर्ट लिस्ट किया था और नुसरत ने फिल्म में लतिका के कैरक्टर के लिए ऑडिशंस भी दिए थे। हालांकि बाद में यह रोल फ्रीडा पिंटो को मिल गया। हालांकि यह नहीं पता चला है कि यह रोल नुसरत को क्यों नहीं मिला लेकिन ऐसा माना जाता है कि उनके जरूरत से ज्यादा गुड लुक्स इस किरदार के लिए ठीक नहीं थे। मीडिया से बात करते हुए नुसरत ने बताया था कि फिल्म के मेकर्स को ऐसा लगा कि उनके गुड लुक्स और खूबसूरती एक स्लम में रहने वाली लड़की जैसे नहीं थे। नुसरत ने यह भी बताया कि जब यह रोल उन्हें नहीं दिया गया तो फिल्म की पूरी टीम ने बैठकर उन्हें समझाया था कि वह बिल्कुल भी बस्ती में रहने वाली गरीब लड़कियों जैसी नहीं लगती हैं।